जनशक्ति के पारस्परिक आदान-प्रदान को लेकर हुआ समझौता

जासं, रांची : सीआइपी रांची और आइआइएम रांची के बीच नैदानिक और परामर्श सेवाओं का विस्तार और जनशक्ति के पारस्परिक आदान-प्रदान की सुविधा के लिए तथा प्रबंधन और सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में सहयोगी अनुसंधान करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।

इसपर सीआइपी रांची के निदेशक डा. बासुदेव दास और आइआइएम रांची के निदेशक डा. दीपक कुमार श्रीवास्तव ने हस्ताक्षर किए। आइआइएम के मानव संपर्क कार्यक्रम के एसोसिएट प्रोफेसर और नोडल अधिकारी डा. तनुश्री दत्ता और प्राचार्य सीआईपी डा. निशांत गोयल के सहयोग से इस एमओयू के द्वारा सेवाओं और शोध का समन्वय किया जाएगा। यह समझौता ज्ञापन प्रबंधन प्रशिक्षण और सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य के बीच एक नए जुड़ाव को जोड़ने में मदद करेगा और यह देश में एक अनूठी पहल है। इस अवसर पर डा. दीपांजन भट्टाचार्जी, डा. अविनाश शर्मा, डा. मधुमिता और डा. नरेंद्र मौजूद रहे।

Dainik Jagran, 21.02.2023, Pg. 06